# विकास के लिए जनसंख्या नियंत्रण जरूरी

किशनगंज | संवाददाता

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर गुरूवार को सदर अस्पताल परिसर में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित की गई। उक्त अभियान 11 जुलाई से 29 जुलाई तक चलेगा। इस मौके पर मौजूद सिविल सर्जन डॉ. परशुराम प्रसाद ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर उक्त कार्यक्रम के जरिये लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि देश विकास के लिए जनसंख्या नियंत्रण आवश्यक है। जनसंख्या नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 11 जुलाई से जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जिसमें परिवार नियोजन को लेकर भी ग्रामीणों को जागरूक किया जायेगा। परिवार नियोजन से



गुरुवार को सदर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सिविल सर्जन डॉ. परशुराम व अन्य।

होने वाले फायदे के बारे में भी बताया जायेगा। सिविल सर्जन डॉ. परशुराम ने कहा कि परिवार नियोजन से किसी को भी किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचता है। जनसंख्या नियंत्रण में परिवार नियोजन कारगर साबित होगा। परिवार नियोजन को लेकर कई सारे उपाय है। कई माध्यमों से परिवार नियोजन किया जा सकता है। डीएस डॉ. अनवर हुसैन ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन आवश्यक है। कई माध्यमों से परिवार नियोजन किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. देवेन्द्र कुमार, डॉ. अनिता, डीपीएम विश्वजीत कुमार ने भी जनसंख्या नियंत्रण विषय पर अपने अपने विचार व्यक्त किये।

जनपथ समाचार सिलीगुड़ी 27 जून 2019



# परिवार कल्याण के लिए परिवार नियोजन को अपनाएं : फरज़ाना बेगम




किशनगंज (निज संवाददाता)। जिले में काम कर रही राहत संस्था व ग्लोबल हेल्थ स्टेटिज एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सदर अस्पताल के सभा भवन में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. परशु राम ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहत की सचिव फरजाना बेगम ने कहा कि परिवार नियोजन में महिला के साथ-साथ पुरुष की भी भागीदारी हो और सरकार महिला एवं पुरुष द्वारा नसबंदी करवाने पर ३००० की राशि देती है।

फरजाना बेगम ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना भी चलाई गई है। आप और हम संकल्प लें कि हम पहले अपने बेटियों को पढ़ाना है और १८ वर्ष से पहले शादी नहीं करवाना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. अनवर हुसैन, डॉ. उर्मिला कुमारी, डॉ. देवेन्द्र कुमार, विश्वजीत कुमार आदि पदाधिकारी सह चिकित्सक के अलावा दर्जनों एएनएम मौजूद रहीं।

# देश में सबसे अधिक है किशनगंज जिले में जनसंख्या की वृद्धि दर : डॉ. फरजाना बेगम

## सदर अस्पताल में एनजीओ राहत संस्था ने परिवार कल्याण को लेकर किया कार्यशाला का आयोजन

▪ जिले में औसतन एक औरत पांच बच्चे को जन्म देती है

भास्कर न्यूज़ | किशनगंज




सदर अस्पताल परिसर में एएनएम को संबोधित करती डॉ. फरजाना।

सदर अस्पताल में बुधवार को एनजीओ राहत संस्था द्वारा परिवार कल्याण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्याशाला का उदघाटन अस्पताल के डीएस डॉ. अनवर आलम व राहत संस्था के सचिव फरजाना बेगम ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर संस्था के सचिव डॉ. फरजाना ने कहा कि अगर जनसंख्या पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले समय में लोगों को रहने के लिए जमीन तक नसीब नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार 2020 तक जनसंख्या नियंत्रण पर ठोस कदम उठाने के उपाय सोच रही है। जिले में जनसंख्या की दर देश में सबसे अधिक है।

स्वास्थ्य विभाग के आंकडे के अनुसार इस जिले में औसतन प्रति औरत पांच बच्चे को जन्म देती है। इसे नहीं नियंत्रित किया गया तो जिले का विकास असंभव है। सीमित परिवार ही सुख का आधार है। सरकारी स्तर पर सभी अस्पतालों में परिवार ही सुख का आधार है। सरकारी स्तर पर सभी अस्पतालों में परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। परिवार नियोजन से जच्चा-बच्चा तो स्वस्थ रहते ही है।

### परिवार नियोजन के लाभ

कार्यशाला में मौजूद चिकित्सक डॉ. अनवर आलम ने कहा कि परिवार नियोजन खुशहाली का जरिया है। साथ ही बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए प्रभावी पहल भी है। परिवार नियोजन अपनाने से मां का स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा मातृ मृत्यु दर में कमी लायी जा सकती है। शादी के बाद पहले बच्चे में कम से कम दो वर्ष की देरी तथा दो बच्चों के जन्म के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतर रखना चाहिए। ताकि बच्चे का अच्छा स्वास्थ्य के साथ-साथ शिशु मृत्यु दर में भी कमी आती है।

कार्यशाला में डीएस डॉ. अनवर आलम, डॉ. देवेन्द्र कुमार, डॉ. कुमारी उर्मिला, डीपीए विश्वजीत कुमार, डॉ. फरजाना बेगम, गाछपाड़ा के मुखिया नूर मोहम्मद, महेश प्रसाद सिंह सहित नर्सिंग स्कूल की प्रशिक्षु एएनएम मौजूद थे।

हिन्दुस्तान | 04
पूर्णिया • गुरुवार • 27 जून 2019

# जागरूकता से जनसंख्या नियंत्रण पर लगाम




बुधवार को सदर अस्पताल में कार्यशाला को संबोधित करतीं डॉ. फरजाना बेगम।

किशनगंज | एक संवाददाता

**आयोजन**

- परिवार नियोजन से ही खुशहाल बनेगा परिवार
- लोगों को भी जनसंख्या नियंत्रण के लिए होना होगा जागरूक

परिवार नियोजन को लेकर बुधवार को सदर अस्पताल परिसर में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें फैमिली प्लानिंग के साथ जनसंख्या नियंत्रण को लेकर चर्चा हुई।

कार्यशाला राहत संस्था, ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटेजीज एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला में डीएस डॉ. अनवर हुसैन ने कहा कि सरकार परिवार नियोजन के लिए अभियान चला रही है। समय-समय पर पुरुष नसबंदी एवं महिलाओं का ऑपरेशन कर इस दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन से ही खुशहाल परिवार बनेगा। राहत संस्था की सचिव डॉ. फरजाना बेगम ने कहा कि समाज, सरकार व परिवार को सजग होना होगा तभी जनसंख्या नियंत्रण हो सकेगा। वरिष्ठ डॉ. उर्मिला कुमारी ने कहा कि लोग जागरूक होंगे तो निश्चित रुप से जनसंख्या वृद्धि दर कम होगी। उन्होंने कहा कि दो बच्चों के बीच में कम से कम तीन से पांच साल का अंतर हो ताकि माता व बच्चे स्वस्थ्य रह सकें। डॉ. देवेन्द्र कुमार ने बास्केट ऑफ च्वाईस को अपनाने पर बल दिया।

قومی تنظیم 'پٹنہ' جمعرات '27' جون 2019

ٹھاکر گنج (کشن گنج) سعید الرحمن

ٹھاکر گنج میں پولیس اور پبلک کے درمیان بہتر رشتہ بنائے رکھنے کی مدنظر آدرش تھانہ ٹھاکر گنج احاطہ میں کوآرڈینیشن میٹنگ کا انعقاد ہوا۔میٹنگ میں صدارت کے فرائض کو ٹھاکر گنج کے نئے تھانہ صدر موہن کمار نے انجام دیا۔واضح رہے کہ ٹھاکر گنج تھانہ سرکل کے ماتحت نئے سرکل افسر کی شکل میں جہاں اشونی کمار نے عہدہ سنبھالا ہے وہیں ٹھاکر گنج آدرش تھانہ میں نئے تھانہ صدر کے طور پر موہن کمار نے آکر اپنا چارج لیا ہے۔لہذا ان دونوں نئے پولیس افسر کی یہ کوشش ہے کہ پولیس اور پبلک کے درمیان بہتر رشتہ قائم رہے۔جسکی مدنظر مزکورہ دونوں افسر نے عہدہ سنبھالتے ہی ٹھاکر گنج تھانہ احاطہ میں منگل کی شام ایک خصوصی میٹنگ بلائی۔اسلئے متذکرہ دونوں نئے پولیس افسران کے چارج سنبھالتے ہی انکے ذریعے اسطرح میٹنگ بلائے جانے پر وہاں موجود لوگوں نے دونوں افسران کے اس پہل کی سواگت کی ہے ساتھ ہی لوگوں نے انہیں مبارکباد بھی دی ہے۔اس میٹینگ میں مقامی ناگرک ایکتا منچ کے کارکنوں، نمائندوں سماجی خدمتگاروں اور مخصوص عام جنوں کے ساتھ ساتھ مقامی تھانہ کے پولیس افسران و دیگر ذمیداران نے حصہ لیکر تبادلہ خیال کیا اور ٹھاکر گنج میں ایک صحت مند ماحول

## راحت، گلوبل ہیلتھ اسٹڈیز و محکمہ صحت کے زیر اہتمام ورکشاپ




کشن گنج (علی رضا صدیقی) راحت ادارہ گلوبل ہیلتھ اسٹڈیز اور محکمہ صحت کے مشترکہ زیر اہتمام ضلع سطحی ورکشاپ کا انعقاد صدر اسپتال کے کانفرنس ہال میں ہوا۔اس پروگرام کا اہم مقصد بڑھتی ہوئی آبادی پر روک۔اس سلسلے میں لوگوں میں بیداری پیدا کرنا ہے۔ڈاکٹر فرزانہ بیگم سکریٹری راحت نے اپنے خطاب میں کہا کہ سماج، حکومت اور کنبہ میں بیداری ضروری ہے۔ڈاکٹر انور حسین نے خطاب کرتے ہوئے پروگرام کی کامیابی میں خواتین کی حصہ داری پر زور دیا۔

# महिलाएं अधिकार को जागरूक हों

किशनगंज | संवाददाता

महिला दिवस पर शुक्रवार को इंसान स्कूल में राहत संस्था, जीएचएस व अन्य गैर सरकारी संगठन के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडो व पंचायतों की महिला प्रतिनिधि शामिल हुई। कार्यक्रम में जीएचएस के स्टेट डायेरेक्टर संजय सुमन ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने अधिकार के लिए जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कम उम्र में विवाह भी हिंसा का ही एक उदाहरण है। 18 वर्ष से कम उम्र में विवाह कानून अपराध तो हैं ही साथ ही इस वजह से किशोरी का शरीर भी विकसित नहीं होता है।

साथ कम उम्र में ही बच्चे को जन्म देने का दवाब ससुराल वालों की ओर से दिया जाता है। जो हिंसा का एक उदाहरण है। राहत संस्था की सचिव डॉ. फरजाना बेगम ने कहा कि महिलाओं पर हो रहे घरेलू हिंसा सहित कई अत्याचार को रोकने के लिए उन्हें जागरुक होना होगा साथ ही उन्हें कानून की जानकारी लेनी पड़ेगी। उन्हे स्वयं कानून में निहित अधिकारों के बारे में जानना होगा। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आपके आसपास बाल विवाह या महिला से संबंधित किसी प्रकार की हिंसा की जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें। हिंसा रोकने के लिए महिलाओं को स्वयं आगे आना होगा। इसके अलावा हिंसा रोकने के लिए महिलाओं को शिक्षित होना आवश्यक है। महिलाओं पर हो रही हिंसा को रोकने के लिए कार्य योजना भी तैयार किया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. हेमन्त कुमार, कृषि वैज्ञानिक डॉ. रत्नेश, डॉ. शालिनी प्रसाद, डॉ. निधि प्रसाद, महिला सेल की लता कुमारी, पारोमिता घोष, सिराज, चंदन श्रीवास्तव थे।



शुक्रवार को महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते अतिथि।

## महिला विकास मंच का सम्मेलन 10 को

किशनगंज। महिला विकास मंच का कार्यकर्त्ता सम्मेलन 10 मार्च को शहर के महावीर मार्ग स्थित राधाकृष्ण हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई है। यह जानकारी महिला विकास मंच की जिलाध्यक्ष डॉ. तारा श्वेता आर्या ने दी। डॉ. श्वेता ने कहा कि महिला विकास मंच के कार्यकर्त्ता सम्मेलन में दिल्ली, पटना सहित बिहार के कई जिलों से महिला पदाधिकारी भाग लेगी। इसमें जिले से भी बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्त्ता हिस्सा लेंगी। महिला सम्मेलन में महिलाओं को उनके अधिकार को लेकर जागरुक किया जायेगा।

Office of the Principal Judge,